फर्द अहकाम
(नियम–26)
अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

ग्राम पंचायत आरनी
बनाम
ललित कुमार सिकलीगर

प्रकरण संख्या 22/2017 (नि.पं.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.09.22	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता निगराकार उपस्थित। गैर निगराकार की तामील शेष है। अधिवक्ता निगराकार ने आज भी गैर निगराकार की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया तथा नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु अवसर चाहते हैं। चूंकि प्रकरण वर्ष 2017 से लम्बित होकर अभी तक गैर निगराकार की तामील मे ही चल रहा है। अधिवक्ता निगराकार ने दिनांक 04.01.2018 के पश्चात् गैर निगराकार की तामील हेतु आदिनांक तक नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है जबकि इनको इस हेतु कई अवसर दिए जा चुके हैं तथा न्यायहित में दिनांक 10.11.2021 को अन्तिम अवसर भी दिया जा चुका है फिर भी नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है। अतः अधिवक्ता निगराकार अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः प्रकरण आदेश 9 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	